अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 साख पर सवाल और भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय एजंसियां...
6 भारत के विजय रथ ने इंग्लैंड को भी कुचला...
7 64 सीटों पर पुराने चेहरे आमने-सामने...

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-41 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 31 अक्टूबर से 06 नवम्बर 2023 पृष्ठ-8 मूल्य -2

## बेंगलुरु के वीरभद्र नगर के पास लगी भीषण आग, कई बसें हुई खाक, दमकल की गाडियां मौके पर मौजूद

**आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका है कि यह बस स्टैंड के नजदीक किसी गैरेज में आग लगने के बाद यह आग भड़की होगी।**



गलुरु के वीरभद्र नगर के पास भीषण आग लग गई है जिसमें 5 से 10 बसें जलकर खाक हो गई हैं। फिलहाल दमकल की गाड़ियां मौके पर हैं और आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं। आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन आशंका है कि यह बस स्टैंड के नजदीक किसी गैरेज में आग लगने के बाद यह आग भड़की होगी। अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है।

अब तक क्या जानकारी सामने आई है?

अब तक मिली जानकारी के मुताबिक प्रशासन मौके पर मौजूद है और दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने का प्रयास कर रही हैं। आग वीरभद्र नगर के पास सोमवार लगी है, एएनआई पर जारी हुए विजुअल के मुताबिक में साफतौर पर देखा जा सकता है कि 10 से ज्यादा बसों में आग भीषण आग लगी है। फिलहाल आग लगने की वजह साफ नहीं हो पाई है।



## गुजरात दौरे में पीएम मोदी ने किया अंबा देवी का दर्शन, विकास योजनाओं का करेंगे लोकार्पण, जानिये क्या है पूरा कार्यक्रम

**प्रधानमंत्री मंगलवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नर्मदा जिले के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।**

गुजरात के दो दिनी दौरे पर बनासकांठा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को अंबाजी में प्रसिद्ध अंबा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर उनका स्वागत किया। अंबा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पीएम मोदी एक सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए मेहसाणा की खेरालु तालुक के दभोदा गांव के लिए रवाना हो गए, जहां वह 5,950 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे तथा एक सभा को संबोधित करेंगे। इनमें रेल, सड़क, पेयजल और सिंचाई जैसे विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण मेहसाणा जिल के दबहोदा गांव में किया जाएगा। पीएम मोदी जिन 16 विकास परियोजनाओं की शुरुआत करेंगे, वे मेहसाणा, अहमदाबाद, बनासकांठा, साबरकांठा, महिसागर, गांधीनगर और पाटण जिलों में हैं। प्रधानमंत्री मंगलवार को देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर नर्मदा जिले के केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में भी भाग लेंगे।



## मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका, शराब घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

**सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने पर 17 अक्टूबर को मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा था।**

दिल्ली शराब घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है। जस्टिस संजीव खन्ना और एसवीएन भट्टी की पीठ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा मनीष सिसोदिया के खिलाफ जांच किए जा रहे मामलों पर फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ट्रायल कोर्ट इस मामले की सुनवाई 6 से 8 महीने में पूरी करे। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि प्रोसेस ना होने पर फिरसे अर्जी दी जा सकती है।

इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लेकर दिल्ली शराब नीति मामले में CBI और श्ब्ष्ठ से कई सवाल पूछे थे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने पर 17 अक्टूबर को मनीष सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित रखा था। मनीष सिसोदिया फरवरी से जेल में हैं और आम आदमी पार्टी लगातार उनकी रिहाई की मांग करती रही है।

### 400 KM दूर ही खत्म हो जाएंगे दुश्मन के विमान

## रॉकेट और मिसाइल... DRDO तैयार कर रहा इजरायल जैसा Iron Dome

**भारत के पास पहले से ही S-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम मौजूद है। रूस के इस डिफेंस सिस्टम की तीन स्क्वॉड्रन भारत के पास मौजूद हैं। इन्हें चीन और पाक सीमा के पास तैनात किया गया है।**



भारत लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम तैयार करने जा रहा है। यह सिस्टम 350 किमी की दूरी तक आने वाले स्टील्थ लड़ाकू विमानों, विमानों, ड्रोन, क्रूज मिसाइलों और सटीक-निर्देशित हथियारों का पता लगा सकता है और उन्हें नष्ट कर सकता है। इस महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट को डीआरडीओ तैयार कर रहा है। इस प्रोजेक्ट की तुलना इजरायल के आयरन डोम (Iron Dome) से की जा रही है। इस प्रोजेक्ट से 2028-29 तक पूरा होने की उम्मीद है।

कैसे काम करेगा

यह एयर डिफेंस सिस्टम किसी भी मिसाइल या हवाई खतरे का 350 से 400 किमी दूरी से ही पता लगा लेगा। यह सिस्टम तीन लेयर का होगा। यह दुश्मन के हवाई जहाज, फाइटर जेट, रॉकेट, हेलिकॉप्टर या मिसाइल को 400 किलोमीटर रेंज में मार गिराने में सक्षम होगा। इससे पहले भारत इजरायल के साथ मीडियम रेंज का SAM मिसाइल बना चुका है। जिसकी रेंज 70 km है। भारत में DRDO ने जमीन से छोड़ी जाने वाली और युद्धपोत से छोड़ी जाने वाली हवाई सुरक्षा मिसाइलों को विकसित किया है।

### S-400 पहले से है मौजूद

**बता दें कि भारत के पास पहले से ही S-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम मौजूद है। रूस के इस डिफेंस सिस्टम की तीन स्क्वॉड्रन भारत के पास मौजूद हैं। इन्हें चीन और पाक सीमा के पास तैनात किया गया है। दो और स्क्वॉड्रन जल्द भारत के पास आएंगे।**



संपादकीय

# साख पर सवाल और भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय एजंसियों की सक्रियता

**कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय भी प्रवर्तन निदेशालय के गिरफ्तारियों आदि से जुड़े अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या करते हुए उसे मर्यादा में रह कर काम करने को कह चुके हैं। केंद्रीय जांच एजंसियों पर आमजन का भरोसा अब भी बहुत कमजोर नहीं हुआ है, देखने की बात है कि वे खुद इस भरोसे को कैसे और कितना कायम रख पाती हैं। भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने की कोशिशों पर शायद ही किसी को एतराज हो, मगर पिछले कुछ वर्षों से आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय जांच ब्यूरो जिस ढंग से सक्रिय नजर आ रहे हैं, उसे लेकर उनकी साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। विपक्षी दल लगातार आरोप लगा रहे हैं कि ये एजंसियां केंद्र सरकार के इशारे पर बदले की भावना और नाहक परेशान करने की नीयत से कार्रवाई कर रही हैं।**



केंद्रीय एजंसियों की छापेमारी और राजनेताओं, रिश्तेदारों से पूछताछ जारी

इसकी शिकायत सर्वोच्च न्यायालय में भी की गई थी, मगर उसने इनकी कार्रवाइयों पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू है, मगर उनमें भी इन केंद्रीय एजंसियों की छापेमारी और राजनेताओं, उनके रिश्तेदारों आदि से पूछताछ चल रही है।



संपादक-
गोपाल गावंडे

जिम्मेदार पद पर बैठे लोगों से असावधान भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी लोगों के घरों पर छापेमारी हुई तो उन्होंने इन एजंसियों को लेकर बहुत तल्ख और आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उनकी भाषा पर एतराज जताते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया, तो उन्होंने न तो उसके लिए किसी तरह का अफसोस जाहिर किया और न अपने बयान को अनुचित माना। उन्होंने कहा कि जब एक मुख्यमंत्री को इस तरह परेशान किया जाएगा, तो उसकी भाषा ऐसी ही निकलेगी। हालांकि एक जिम्मेदार पद का निर्वाह कर रहे व्यक्ति से इस तरह की असावधान भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती।

विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई और सत्ता पक्ष पर सहूलियत पर भी ऐतराज

केंद्रीय जांच एजंसियों की कार्रवाई के समय और व्यक्तियों के चुनाव को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। यह सवाल बार-बार पूछा जाता है कि ये एजंसियां उन्हीं नेताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों करती हैं, जो केंद्र के विपक्ष में हैं और सत्तापक्ष के खिलाफ बोलते रहते हैं। फिर यह भी कि जब भी किसी राज्य में चुनाव होना होता है, वहीं क्यों अधिक छापेमारी की जाती या पुराने मामलों की फाइलें खोल कर जांच शुरू कर दी जाती है। विपक्षी दल उन नेताओं के नामों की सूची भी बार-बार दोहराते रहते हैं, जिनके खिलाफ केंद्रीय एजंसियों के पास भ्रष्टाचार से जुड़े मामले दर्ज हैं, मगर उनके सत्तापक्ष में चले जाने के बाद उनके खिलाफ जांच रोक दी गई हैं।

फिर यह भी तथ्य बार-बार दोहराया जाता है कि इन एजंसियों की कार्रवाई में तो तेजी आई है, मगर वास्तव में दोष सिद्धि नगण्य हुई है। इससे यही जाहिर होता है कि इन एजंसियों की कार्रवाई के पीछे मंशा केवल विपक्षी नेताओं और उनके करीबियों को परेशान करने की होती है।

हालांकि जब भी किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो वह खुद को पाक-साफ ही बताता है, मगर पिछले कुछ सालों में ऐसे मामलों को लेकर आमजन में एक तरह का सामान्य स्वीकार भाव पैदा हो गया है। विपक्षी दलों के हर छापे या पूछताछ को राजनीति से प्रेरित बताते रहने से लोगों में यह धारणा गाढ़ी होती देखी जा रही है कि केंद्रीय जांच एजंसियों का मकसद भ्रष्टाचार रोकने के बजाय कुछ और ही है। यह बहुत चिंताजनक संकेत है। जब लोगों में भ्रष्टाचार के प्रति सहज स्वीकार का भाव पैदा होगा, तो ऐसे आचरण पर नकेल कसना और मुश्किल होता जाएगा। कुछ मामलों में सर्वोच्च न्यायालय और दिल्ली उच्च न्यायालय भी प्रवर्तन निदेशालय के गिरफ्तारियों आदि से जुड़े अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या करते हुए उसे मर्यादा में रह कर काम करने को कह चुके हैं। केंद्रीय जांच एजंसियों पर आमजन का भरोसा अब भी बहुत कमजोर नहीं हुआ है, देखने की बात है कि वे खुद इस भरोसे को कैसे और कितना कायम रख पाती हैं।

राजनीति

# BJP-कांग्रेस में किसका गेम बिगाड़ेंगे हनुमान? खुद भी लड़ेंगे चुनाव, RLP ने 10 सीटों पर उतारे उम्मीदवार




**Hanuman Beniwal जाट मतदाताओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। दलितों को साधने के लिए उन्होंने यूपी के चंद्रशेखर से गठबंधन किया है। राजस्थान में 25 नवंबर को वोटिंग होनी है। चुनाव को लेकर राज्य में सभी दल सोच-समझकर हर सीट पर प्रत्याशियों का ऐलान कर रहे हैं। अब साल 2019 में बीजेपी के सहयोगी रहे हनुमान बेनीवाल की पार्टी ऋत्क्कने राजस्थान में 10 प्रत्याशी के नाम का ऐलान कर दिया है। ऋत्क्क द्वारा जारी की गई लिस्ट में हनुमान बेनीवाल का नाम भी है। वो खींवसर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।**

## RLP की लिस्ट में किस-किस का नाम?

RLP द्वारा जारी की गई लिस्ट में भोपालगढ़ से मौजूदा विधायक पुखराज गर्ग और मेड़ता से विधायक इंदिरा देवी बावरी का नाम है। सांसद हनुमान बेनीवाल, जिस खींवसर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे उस सीट से अभी उनके भाई नारायण बेनीवाल विधायक हैं।

RLP ने इसके अलावा परबतसर से लछाराम बडारड़ा, कोलायत से रेवतराम पंवार, सहाड़ा से बद्रीलाल जाट, बायतू से उम्मेदाराम बेनीवाल, सरदारशहर से लालचंद मूंड, सांगानेर से महेश सैनी और जोधपुर शहर से डॉ. अजय त्रिवेदी को टिकट दिया है।

## ASP से किया है RLP ने गठबंधन

हनुमान बेनीवाल ने 2018 का विधानसभा चुनाव खींवसर से जीता था लेकिन 2019 में वह नागौर से लोकसभा चुनाव जीत गए। इसके बाद खींवसर में हुए विधानसभा उपचुनाव में RLP के टिकट पर हनुमान के भाई नारायण बेनीवाल ने जीत दर्ज की। आपको बता दें कि RLP ने राजस्थान में चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व वाली आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के साथ गठबंधन की घोषणा की है।

## दो मेकअप आर्टिस्ट युवतियां हादसे का शिकार

# प्री-वेडिंग शूट के दौरान दुल्हन के लिये आई थी इंदौर, हालत गंभीर




**इंदौर** के भंवरकुआ इलाके में रविवार को प्री वेडिंग शूट के दौरान इंदौर से अपने घर जा रही दो एक्टिवा सवार युवतियां हादसे का शिकार हो गई। उन्हें एक कार ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद दोनों को एमवाय अस्पताल ले जाया गया। दोनों की हालत गंभीर है।

भंवरकुआ पुलिस के मुताबिक घटना आईटी पार्क चौराहे की है। यहां एक्टिवा सवार हर्षिता पुत्री देवेन्द्र निवासी धामनोद ओर उसकी साथी जिज्ञासा निवासी शक्तावत खरगोन को सामने से आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। कार दोनों को कई फीट तक गाड़ी सहित घसीटते हुए ले गई। दोनों के साथ आए युवकों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। दोस्तों के मुताबिक दोनों युवती मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। जो इंदौर प्री-वेंडिग शूट में दुल्हन के मेकअप के लिये आई थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार जब्त की है।

# नवविवाहिता ने किया सुसाइड-डेढ़ साल पहले ही हुई थी शादी, मायके पक्ष के लोगों के आने के बाद होगा पोस्टमार्टम

**इंदौर के तिलक नगर में रहने वाली 24 साल की एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि परिवार के लोग घर की सफाई में लगे थे। इसी दौरान ऊपर कमरे में जाकर महिला ने फांसी लगा ली। परिवार के लोग शाम को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**



तिलक नगर पुलिस के मुताबिक नीलम (24) पति स्वप्निल तिवारी निवासी निधिवन ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि नीलम के परिवार में सास-ससुर और पति हैं। रविवार को घर की सफाई चल रही थी। इस दौरान नीलम अपने कमरे में गई और फंदा लगा लिया। बाद में परिवार के लोगों ने उसे देखा ओर एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे।

### डेढ़ साल पहले हुई शादी

परिवार के लोगों ने बताया कि अप्रैल 2022 में ही नीलम की शादी हुई थी। उसका मायका सिवनी के पास है। स्वप्निल दिल्ली में निजी कंपनी में कार्यरत है। दशहरे की छुट्?टी के चलते वह इंदौर आया हुआ था। पुलिस के मुताबिक मायके पक्ष के बयान के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। अभी किसी तरह का सुसाइड नोट सामने नहीं आया है। पुलिस के मुताबिक संभवत: नव दंपती के बीच साथ में रहने की बात पर कहासुनी हुई है। परिवार के बयान के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## वसूली के लिए मारपीट

**इंदौर** । आजाद नगर पुलिस ने संजय ठाकरे निवासी मुसाखेड़ी की रिपोर्ट पर मनोज और कमल के खिलाफ वसूली और मारपीट का केस दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि आरोपी पैसे के लिए परेशान कर रहे थे और फरियाद संजय ने देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की और धमकी देकर फरार हो गए।

## टक्कर से दो जख्मी

**इंदौर** । टॉवर चौराहे पर बाइक सवार राजेश पिता राम प्रसाद लोधी और गोपाल पिता बद्रीलाल वर्मा दोनों निवासी जूनी इंदौर को ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## चार नशेड़ी बंदी

**इंदौर** । पुलिस पलासिया ने गांजा पीते हुए दीपक पिता हंसराज साहू अशोक पिता चंद्र मोहन चौहान दिलीप पिता कन्हैया लाल सिसोदिया और प्रकाश पिता मुन्नालाल सोनकर को पकड़ा इनके पास से गांजे की पुड़िया बरामद की। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज क्या है।

## दो नाबालिक लापता

**इंदौर** । पटेल नगर निवासी नरेंद्र पिता बंसी लाल गहलोत ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 15 वर्षीय बेटा धीरज को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया। वहीं इंदिरा एकता नगर में रहने वाली किशोरी परिजन को बिना बताए घर से चली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है।

## चाकू सहित चार धारएं

**इंदौर** । पंढरीनाथ पुलिस ने राजू पिता निरंजन राठौड़ और भारत पिता विष्णु जाट को पकड़ा इनके पास से दो चाकू बरामद किए इसी प्रकार मल्हारगंज पुलिस ने मनोज यादव और देवेंद्र पाल को पकड़ा इनके पास से भी दो चाकू बरामद किए। सभी के खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है।

## बहु को धमकाया

**इंदौर** । निरंजनपूर में रहने वाली संगीता परमार 28 साल की रिपोर्ट पर पति राजेंद्र परमार सास हेमलता परमार ससुर हेमंत परमार आदि के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की धारा में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक फरियादी संगीता मायके से दहेज नहीं लाई तो उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## गांजा सहित दो धराएं

**इंदौर** । सयोगितागंज पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल पर जा रहे अशोक पिता मदनलाल चौधरी और मुकेश पिता बाल कृष्णा भारद्वाज को पकड़ा इनके पास से 720 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज क्या है।

## दो लोगों को धमकी

**इंदौर** । फरियादी सुनीता पति विनोद वर्मा निवासी परदेसी पुरा के घर में घुसकर अर्चना पति जितेंद्र शिंदे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी वही हुकुमचंद कॉलोनी में रहने वाले योगेश शर्मा के साथ पवन चौहान ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज किया है।

## बुजुर्ग की संदिग्ध मौत

**इंदौर** । हीरानगर थाना अंतर्गत भानगढ़ में रहने वाले जगदीश पिता उमाकांत मकवाना 68 साल को परिजन बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के करण का खुलासा हो सकेगा।

## बच्चों के विवाद में बुजुर्ग को चाकू मारा-समझाने के दौरान हमला, तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस




**इंदौर** के कोतवाली इलाके की पुलिस चौकी के पास रविवार रात तीन बदमाशों ने एक बुजुर्ग पर चाकू से हमला कर दिया। बताया जाता है कि बच्चों के विवाद में वह मौके पर समझाने पहुंचे। तब आरोपी हमला कर भाग गए। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक अनिल पुत्र प्रेमचंद वर्मा निवासी नॉर्थ तोड़ा पर कोतवाली पुलिस चौकी के यहां सचिन, अर्जुन व एक अन्य ने चाकू से हमला कर दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि रात में बच्चों के बीच में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। बच्चे अनिल को घर से बुलाकर ले गए। जब वह मौके पर पहुंचे तो यहां बातचीत के दौरान आरोपियों ने उनके सिर पर चाकू मार दिया। गंभीर हालत में अनिल को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस के मुताबिक एमवाय से सूचना मिली है। बयान के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# नशा करने की आदत ने बना दिया लुटेरा

**इंदौर** । कनाडिया पुलिस ने महिला से पर्स लूटने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए 300 से अधिक सीसीटीवी के फुटेज चेक किए गए थे। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नशे की आदत ने उसे लुटेरा बना दिया।

उल्लेखनीय है कि 27 अक्टूबर को फरियादी कल्पना पति स्वर्गीय जय प्रसाद सक्सेना निवासी ग्रीन वैली कनाडिया मैं दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था की बाइक सवार बदमाश उसके हाथ से पर्स छीन कर भाग गया है। पर्स में मोबाइल फोन चांदी की बांसुरी क्रेडिट एटीएम कार्ड और?2500 नगदी रखे हुए थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट का केस दर्ज किया।

पुलिस उपायुक्त अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह चौहान एवं सहायक पुलिस आयुक्त कुंदन मंडलोई ने आरोपी को पकड़ने के लिए टी आई केपी यादव को निर्देश दिए।

पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाई। एक टीम ने घटनास्थल और उसके आसपास लगे 300 सबसे अधिक सीसीटीवी के फुटेज चेक करने के बाद आरोपी जीराल्ड पिता रोशन जीराल्ड निवासी पुष्पा नगर खजराना को गिरफ्तार कर महिला से छिन गया पर्स बरामद कर लिया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह नशा करने का आदि है और इस लत को पूरा करने के लिए वह सुनसान क्षेत्र से गुजरने वाली महिलाओं से मोबाइल , पर्स छीन कर भाग जाता था । आरोपी से पूछताछ की जा रही है और भी वारदातों की जानकारी मिलने की संभावना है।

## बीमारी ठीक करने का झांसा देकर युवती से रेप करने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

**इंदौर** । राजेंद्र नगर पुलिस ने तांत्रिक को बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया है। 24 वर्षीय एक युवती ने आरोप लगाया था की तांत्रिक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। राजेंद्र नगर टी आई सिया राम गुर्जर के मुताबिक एक युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया था कि वह अक्सर बीमार रहती है उसने उपचार भी कराया मगर कोई फर्क नहीं पड़ा तो इसी बीच उसे जानकारी मिली कि नाथ मोहल्ला क्षेत्र में रहने वाले तांत्रिक भरत नाथ अपने तांत्रिक क्रिया से बड़ी से बड़ी बीमारियों को जड़ से ही खत्म कर देते हैं। इसी के चलते पीड़िता उनके पास पहुंची तो तांत्रिक ने उसके साथ दुष्कर्म किया उसने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी।

राजेंद्र नगर पुलिस ने आरोपी तांत्रिक भरत नाथ के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस आरोपी को पकड़ने गई तो उसने भीड़ इकट्ठा कर ली। पुलिस भारी मशक्कत के बाद तांत्रिक को गिरफ्तार कर ले गई।

## बाइक सवार युवक को चाकू मारकर लूट, प्रकरण दर्ज

इंदौर 30 अक्टूबर रविवार रात गांधीनगर थाना क्षेत्र में बाइक सवारियों को दो बदमाशों ने चाकू मार दिया और मोबाइल फोन एवं नगदी छीनकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दिलीप पिता रामचंद्र पांडे 45 साल निवासी एरोड्रम ने बताया कि वह रात्रि 8ः20 बजे सुपर कॉरिडोर के पास से बाइक पर जा रहा था तभी बिना नंबर की बाइक पर सवार दो बदमाश ने रोका और लूटने का प्रयास किया शोर मचाया तो उसे चाकू मार दिया और जब में रखा मोबाइल फोन तथा पर्स छीन कर फरार हो गए। पर्स में 275 4 नगदी क्रेडिट और एटीएम कार्ड रखा हुआ था। इसी प्रकार बेटमा थाना अंतर्गत घटाबिल्लौद रोड पर बाइक सवार बसंत पिता धन्नालाल को बाइक सवार दो बदमाश होने रॉक और चाकू दिखाकर मोबाइल फोन एवं 478 रुपए नकदी छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# करवाचौथ पर बरसों बाद बना है शशि राजयोग, इन 5 राशियों के जीवन में बरसेगा प्यार और बढ़ेगी धन दौलत




करवाचौथ पर इस बार महिलाएं बेहद शुभ योग में पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखेंगी। इस दिन चंद्रमा अपने मित्र शुक्र की वृष राशि में शशि योग बना रहे हैं। इसके साथ ही शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग में व्रत करने से पति की आयु लंबी होगी और साथ ही आपसी रिश्ते भी मजबूत होंगे। इन सभी शुभ योगों का 5 राशियों के लोगों को विशेष लाभ मिलने वाला है और इनके प्रेम संबंधों में खुशहाली के साथ घर में लक्ष्मी का आगमन भी होगा। आइए देखते हैं कौन सी हैं ये राशियां। करवाचौथ पर ग्रहों के बेहद दुर्लभ योग बन रहे हैं। जिस चांद का दीदार करके महिलाएं अपना व्रत तोड़ती हैं वह चांद इस दिन अपनी उच्च राशि वृष में होंगे और शशि योग बनाएंगे। इसी के साथ मंगल, बुध और सूर्य तुला राशि में हैं। सूर्य और बुध बुधादित्य योग बना रहे हैं तो मंगल और सूर्य मिलकर मंगलादित्य योग बना रहे हैं। शनि भी 30 साल बाद अपनी मूलत्रिकोण राशि कुंभ में शश बना रहे हैं। इसी के साथ इस दिन शिव योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी है। जो कि करवाचौथ के इस त्योहार को पति-पत्नी के रिश्ते के लिए और भी शुभफलदायी बना रहे हैं। इन सभी शुभ संयोगों के बीच 5 राशियों के जातकों की किस्मत चमकने वाली है। इनके दांपत्य जीवन में प्रेम और खुशहाली बढ़ेगी और मां लक्ष्मी की कृपा से इन्हें धन दौलत भी खूब मिलेगी। देखें कौन सी हैं वे 5 राशियां।

## मेष -राशि प्रेम संबंधों में चार चांद लगेंगे

करवाचौथ का दिन मेष राशि वालों के लिए बहुत ही शुभफलदायी माना जा रहा है। इन राशियों के जातकों के प्रेम संबंधों में चार चांद लगने वाले हैं तो वहीं इनके लिए धन लाभ के योग भी बन रहे हैं। ग्रहों के शुभ संयोग से इनकी आर्थिक तंगी दूर होने वाली है और काफी समय से जो काम अधूर पड़े थे वे पूरे होने की उम्मीद है। व्यापार में धन लाभ होगा और अधूरी योजनाएं फिर से शुरू हो सकती हैं। आपके धन-धान्य में बढ़ोत्तरी होगी और आपको परिवार में आपकी कद्र बढ़ेगी। आपको समाज के लोगों से पूरा सम्मान मिलेगा।

## वृष राशि- आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा

करवाचौथ के दिन चंद्रमा इसी राशि में होंगे और शशि राजयोग का निर्माण करेंगे। इसके प्रभाव से वृष राशि वालों के दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी और जीवनसाथी के साथ संबंध मजबूत होंगे। मां लक्ष्मी की कृपा से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा और पार्टनर की सलाह से जो भी काम करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। किसी को दिया गया कर्ज का रुपया इस वक्त आपको वापस मिल सकता है। आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको करियर में भी शुभ अवसर प्राप्त होंगे।

## कर्क राशि- जीवनसाथी के साथ सामंजस्य और बढ़ेगा


चंद्रमा कर्क राशि के स्वामी हैं और करवाचौथ पर चंद्रमा की शुभ स्थिति से बने शशि राजयोग का लाभ कर्क राशि के लोगों को भी मिलेगा। कर्क राशि वालों के प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और इस बीच जीवनसाथी के साथ सामंजस्य और बढ़ेगा। आप इस वक्त कोई नया कार्य आरंभ कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए यह शुभ काल है। आगे चलकर आपको बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। अगर पार्टनर के साथ किसी प्रकार की अनबन चल रही थी तो ग्रहों के शुभ प्रभाव से वह दूर हो जाएगी।

## कन्या राशि- अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं

कन्या राशि के जातकों को करवाचौथ पर बने शुभ योग का विशेष लाभ मिलने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के लिए अचानक धन लाभ के योग बन रहे हैं। बिजनस में आपको बेहतर मुनाफा हासिल होगा और निवेश करने के बारे में सोच रहे हैं तो यह समय काफी शुभ फल देने वाला है। कारोबार में वृद्धि होगी और नौकरी में अच्छे ऑफर आपको मिल सकते हैं। सभी वांछित कार्यों में आपको सिद्धि प्राप्त होगी।

## मकर राशि - आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी

करवाचौथ पर बन रहे ग्रहों के शुभ योग के शुभ प्रभाव से आपके जीवन में अच्छे दिन शुरू होने वाले हैं। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और आपके जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। पति और पत्नी के रिश्तों में आपसी सामंजस्य बढ़ेगा। आपको पैसा कमाने के कई अवसर मिलेंगे और आपकी आय के नए स्रोत प्राप्त होंगे। मेहनत आपको शुभ फल मिलेगा और आपको नई नौकरी के लिए ऑफर भी मिल सकते हैं। माता-पिता की सेवा करें और गरीबों की मदद करते रहें।



## फ्लॉप होने की कगार पर कंगना की फिल्म तेजस



दूसरे दिन भी फिल्म तेजस की कमाई में कोई ग्रोथ नहीं देखा गया है। कंगना रनोट की फिल्म ने दूसरे दिन भी 1.25 करोड़ रुपए की कमाई है। दूसरी तरफ फिल्म 12ह्व फेल के कलेक्शन में ग्रोथ देखने को मिला है। बीते शनिवार फिल्म ने 2.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।वहीं विजय थलपित की फिल्म लियो की बात की जाए तो फिल्म तमिलनाडु में अच्छा परफॉर्म कर रही है। रिलीज के 10वें दिन दुनिया भर में फिल्म ने 14.45 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

### कंगना की फिल्म उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी

फिल्म तेजस के कलेक्शन में दूसरे दिन भी कोई इजाफा नहीं हुआ है। फिल्म ने शनिवार को थिएटर में 7.58त्न हिंदी ऑक्यूपेंसी दर्ज की। जो पहले दिन की तुलना में कम रहा। पहले दिन फिल्म ने थिएटर में 9.09त्न हिंदी ऑक्यूपेंसी और 6.5त्न कन्नड़ ऑक्यूपेंसी दर्ज की थी।

कंगना ने फैंस से फिल्म देखने की गुजारिश की

बीते शनिवार की शाम कंगना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया था। जिसके जरिए उन्होंने फैंस से गुजारिश की थी कि वो थिएटर में फिल्म तेजस देखने जरुर जाएं।

## 12th फेल को मिला वर्ड ऑफ माउथ का फायदा




### विक्रांत मैसी की फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ का मिला फायदा

विधु विनोद चोपड़ा की लेटेस्ट फिल्म 12ह्व फेल बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म कर रही है। फिल्म ने दूसरे दिन 2.50 करोड़ रुपए की कमाई के साथ 3 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। अब फिल्म की कुल कमाई 3.60 करोड़ रुपए है।

विक्रांत मैसी की फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में 134त्न की जबरदस्त बढ़त हुई है। इस उछाल से ये अंदाजा लगाया जा रहा है कि वर्ड ऑफ माउथ से आने वाले दिनों में भी फिल्म अच्छा ही परफॉर्म करेगी।


पहले दिन फिल्म को 2300 शो के साथ 600 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था। हालांकि शानदार परफार्मेंस और वर्ड ऑफ माउथ के कारण दूसरे दिन स्क्रीन्स में इजाफा किया गया।

## 10वें दिन भी फिल्म लियो की शानदार कमाई जारी




### थलपति की लियो की बंपर कमाई जारी

थलपति विजय की फिल्म लियो रिलीज के 10वें दिन भी जोरदार कमाई कर रही है। फिल्म का 10वें दिन का कलेक्शन 14.45 करोड़ रुपए रहा। इस तरह फिल्म ने अब तक वर्ल्ड वाइड 502.95 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इंडियन नेट बॉक्स ऑफिस पर इसने 332.5 करोड़ रुपए कमाए हैं।



# भारत के विजय रथ ने इंग्लैंड को भी कुचला, पॉइंट्स टेबल में हासिल किया शीर्ष स्थान

**विश्व कप में लगातार छठी जीत दर्ज करने के बाद भारत के कुल 12 अंक हो गए हैं, जिसके बाद भारतीय टीम शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। वहीं इस मैच से पहले टॉप पर काबिज दक्षिण अफ्रीका 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है।**







प 2023 में टीम इंडिया का विजय रथ लगातार आगे बढ़ रहा है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खिलाफ हुई टक्कर में भारतीय टीम ने परचम लहरा दिया है। भारत ने इंग्लैंड को रन से मात देकर लगातार छठी जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम की सेमीफाइनल में जगह लगभग ई है। इंग्लैंड को मात देकर भारत ने पॉइंट्स टेबल में एकबार फिर टॉप पोजिशन हासिल कर ली।

### भारत ने शीर्ष से दक्षिण अफ्रीका को हटाया

विश्व कप में लगातार छठी जीत दर्ज करने के बाद भारत के कुल 12 अंक हो गए हैं, जिसके बाद भारतीय टीम शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। वहीं इस मैच से पहले टॉप पर काबिज दक्षिण अफ्रीका 10 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं न्यूजीलैंड 8 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर । ऑस्ट्रेलिया के भी 8 पॉइंट हैं और वह चौथे स्थान पर है। श्रीलंका पाकिस्तान और अफगानिस्तान प 4 से बाहर क्रमश- पांचवें, छठे और सातवें स्थान पर हैं।

### भारतीय गेंदबाजों के आगे तितर-बितर हुई इंग्लैंड की बल्लेबाजी

बात करें मैच की तो टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड को 230 रन का लक्ष्य दिया था। जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.5 ओवर में 129 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की लचर बल्लेबाजी इस मैच में भी देखने को मिली। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन बल्लेबाजों ने लुटिया डुबो दी। भारतीय गेंदबाजों ने इस मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मोहम्मद शमी ने 4 और जसप्रीत बुमराह ने 3 विकेट चटकाए। कुलदीप यादव को 2 और जडेजा को एक सफलता मिली।

RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE
SATGURU NAGAR
INDORE - KHANDWA ROAD



तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT
Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# 64 सीटों पर पुराने चेहरे आमने-सामने-हारने पर भी क्यों मिला टिकट; 2 सीटों पर नेताजी वही, पार्टी नई

**मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सभी 230 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी हैं। इनमें से 64 सीटें ऐसी हैं, जहां 2018 के चेहरे रिपीट किए गए हैं। दैनिक भास्कर ने इन सीटों की पड़ताल की, तो पता चला कि इनमें कई चेहरे तीसरी तो कई चौथी बार आमने-सामने हैं। कुछ तो ऐसे हैं, जो पहले निर्दलीय लड़े लेकिन अब उन्हें पार्टियों ने टिकट दिया। वहीं, कुछ की पार्टी बदल गई।**

बदनावर और सुमावली सीट पर चेहरे तो वही हैं, लेकिन पार्टी बदल गई। पहले सुसनेर और बुरहानपुर से निर्दलीय लड़कर जीतने वालों को इस बार कांग्रेस-भाजपा ने उम्मीदवार बना दिया। नरयावली में तीन चुनाव हारने वाले चेहरे पर कांग्रेस ने चौथी बार दांव लगाया है।

गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ फिर वही राजेंद्र भारती मैदान में हैं, जो दो चुनाव में उनसे लगातार हारते रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस ने पहले अवधेश नायक को उतारा था। बाद में टिकट बदलकर भारती पर भरोसा जताया।

आखिर इन पर पार्टियों ने दांव क्यों लगाया? क्या कारण रहा। मंडे स्पेशल की स्पेशल रिपोर्ट में पढ़िए पूरा लेखा-जोखा।

37 सीटों पर क्ख्क्क 24 पर कांग्रेस काबिज

जिन सीटों पर पुराने चेहरों के बीच मुकाबला है, वर्तमान में वहां 37 पर भाजपा, 24 सीटों पर कांग्रेस काबिज है। दो सीटें निर्दलीय के पास हैं। अब दो निर्दलियों में एक ने भाजपा और दूसरे ने कांग्रेस पार्टी से टिकट हासिल की है।

मालवा-निमाड़ में सबसे ज्यादा 21 सीटें

मालवा-निमाड़ की सबसे ज्यादा 21 सीटों पर पुराने उम्मीदवारों के बीच ही इस बार मुकाबला है। यानी 30 फीसदी सीटों पर दोनों पार्टियों ने पुराने चेहरों को ही मौका दिया है। ग्वालियर-चंबल की 8 और बुंदेलखंड-बघेलखंड की 7-7, महाकौशल की 10, भोपाल-नर्मदापुरम में 11 सीटों पर 2018 की तस्वीर रिपीट हुई है।



# पुष्पा फिल्म की तर्ज पर शराब तस्करी-ट्रक में केबिन बनाकर बोरियों के पीछे ले जा रहे थे, 80 लाख की 670 पेटी जब्त

**चुनाव का शोर शुरू होने साथ ही अवैध शराब की तस्करी शुरू हो गई है। रविवार की रात राजगढ़ जिले की माचलपुर पुलिस ने 80 लाख रुपए से ज्यादा की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की है। जिसे शराब तस्कर पंजाब से इंदौर की तरफ लेकर जा रहे थे। शराब की यहां पूरी तस्करी फिल्म पुष्पा स्टाइल में की जा रही थी। इसमें केबिन बनाकर आगे भूसे की बोरियां रखकर शराब को ले जाया जा रहा था। इस मामले में पुलिस ने हरियाणा के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।**

रविवार की रात को पुलिस को एक मैसेज के जरिए सूचना मिली कि पंजाब से मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में खपाने के लिए बड़ी मात्रा में एक ट्रक में भरकर अवैध शराब इंदौर की तरफ ले जाई जा रही है। जिसकी सूचना पर राजगढ़ एसपी धर्मराज मीणा व एडीशनल एसपी मनकामनाप्रसाद व खिलचीपुर एसडीओपी आनन्द राय के निर्देशन में टीम गठित की गई और माचलपुर थाने में पदस्थ एसआई विवेक शर्मा को टीम के साथ रवाना किया।

जहां पहुंचने पर टीम माचलपुर ने गोघटपुर पर तलाशी शुरू कर दी। इसी दौरान राजस्थान की और से एक संदिग्ध ट्रक आता दिखाई दिया। पुलिस ने इस ट्रक को रोका तो, ड्राइवर ने बताया कि ट्रक में भूसे के कट्टे भरे हैं। जब पुलिस ने ट्रक के पीछे जाकर उसकी तलाशी शुरू की और भूसे की बोरियों को हटवाया तो देखा बोरियों के पीछे एक लोहे की जाली का कैबिन बना था। जिसमें बड़ी मात्रा में शराब की पेटियां भरी हुई थी। पुलिस ने कटर से लोहे की जाली को काटा और शराब को ट्रक से बाहर निकालकर जब्त किया। पुलिस ने इस ट्रक से 670 पेटी इंपेक्ट ब्लू ब्राण्ड की शराब की बरामद की है जो कि 5945 लीटर के लगभग पाई गई है, जिसकी कीमत 80 लाख से अधिक की बताई जा रही है।

माचलपुर पुलिस ने थाने में अपराध क्रमांक 356/23, धारा 34(2) एक्साइज एक्ट के अंर्तगत दर्ज किया है और 1 आरोपी ट्रक ड्राइवर लक्ष पिता सतीश शर्मा, उम्र-20 वर्ष, निवासी-बसड़ा, थाना सलामखां, जिला पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने ट्रक जिसकी कीमत सहित 35 लाख व 80 लाख 40 हजार की शराब सहित कुल 1 करोड़ 15 लाख 40 हजार का माल जब्त किया है।



# शक्ति की अभिव्यक्ति ही प्रेम की अभिव्यक्ति

जन्मदिन पूजा के अवसर पर संदेश अभी-अभी मैंने इन्हें भारतीय सहयोगियों को बताया कि वह अहम चलित पाश्चात्य समाज की शैली की नकल करने का प्रयत्न करें क्योंकि उसमें यह लोग कठोर शब्द प्रयोग करते हैं और ऐसा करके हम सोचते हैं कि हम आधुनिक हो गए हैं वह ऐसे कठोर शब्दों का उपयोग करते हैं मैं क्या परवाह करता हूं ऐसे सभी वाक्य जो हमने कभी प्रयोग नहीं किए ऐसे वाक्यों से हम परिचित नहीं हैं किसी से भी ऐसे वाक्य कहना अभद्रता है



किस प्रकार आप कह सकते हैं मैं तुमसे घृणा करता हूं परंतु अब मैंने लोगों को इस प्रकार बात करते देखा है कि हम में क्या दोष है आप ऐसा कहने वाले कौन होते हैं यह हमारा बात करने का तरीका नहीं है किसी भी अच्छे परिवार का व्यक्ति इस प्रकार बात नहीं कर सकता क्योंकि इस प्रकार की बातों से उसका परिवार प्रतिबिंबित होता है परंतु यह पाश्चात्य देशों की अपेक्षा भाषा की नकल अधिक होती है जिस प्रकार लोग बसों में टैक्सियों में रास्ते में बातचीत करते हैं उस पर मुझे हैरानी होती है यह मेरी समझ में नहीं आता अतः मैंने उनसे कहा है कि भाषा प्रेममय तथा हमारी पारंपरिक शैली में होना चाहिए इस प्रकार तो हम अपने बच्चों को भी नहीं डांटते अपने बच्चों को भी यदि हमने डांट ना हो तो तब भी हम ऐसी भाषा का उपयोग नहीं करते हैं जो उन्हें सामान्य में बनाए श्रेष्ठ मानव सुधार यदि आवश्यकता हो तो हम इस प्रकार सुधार किया करते थे दूसरी विधि ठीक नहीं है क्योंकि इससे सुधार नहीं होता देखिए दूसरे तरीके से आप अपने बच्चों को नियंत्रित नहीं कर सकते हर समय आप उन्हें डांटते रहते हैं अपमानित करते रहते हैं अन्य लोगों को अपमानित करते रहते हैं अपमानजनक तरीके और भावनात्मक धमकी तथा यह सारी व्यवस्था इस देश की परंपरा नहीं है ऐसा करने वाले लोग को बाहर फेंक दिया जाएगा आपको ऐसा नहीं करना चाहिए मैं आपको बताती हूं कि सहज योग में आप ऐसा नहीं कर सकते लोगों को अपमानित करने की उनके लिए अपमानजनक परिस्थितियां उत्पन्न करने की धारणाएं आप में नहीं होनी चाहिए यह सब आधुनिक शैली है अतः हमें ऐसा नहीं करना चाहिए सहज योग में हमें अत्यंत गरिमामय आचरण करना चाहिए जो हमारी शैली और हमारी परंपरा के अनुरूप हो सहज योग की परंपरा यह है कि हम लोगों से अत्यंत सभ्य मधुर इसने हमारे एवं प्रोत्साहित करने वाले तरीके से व्यवहार करें हम सबको इसी प्रकार बोलना चाहिए अतः पहली बात मैं यह बताती हूं कि अपने प्रेम की अभिव्यक्ति करते हुए आपको चिल्लाना नहीं चाहिए मैं उन लोगों पर चिल्लाती हूं जिनमें भूत है मेरे चिल्लाने से भूत भाग जाते हैं परंतु यदि आप चिल्ला आएंगे तो आप को भूत पकड़ लेंगे भूत भागेंगे नहीं आता बेहतर होगा कि आप चिल्लाए नहीं यदि आप में मेरी तरह से शक्तियां हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं परंतु आप में यह शक्तियां नहीं है किसी भूत वाले व्यक्ति पर यदि आप चिल्ला आएंगे तो भूत आपको पकड़ लेंगे अतः सावधान रहें मेरी विधियां ना अपनाएं मैं बिल्कुल भिन्न प्रकार की व्यक्ति हूं और सोच समझ कर बात करती हूं आप ऐसा नहीं करते अतः यदि आपने मेरी बातों का अनुसरण करना हो तो मेरी क्षमा प्रेम और स्नेह आदि गुणों को अपनाएं उन चीजों को नहीं जहां में भयंकर होती हूं अब मैं दो चीजें मांग रही हूं बड़ी अटपटी सी बात है मां अपने मुंह से कोई उपहार मांगे जो उपहार आपने देना है उसमें पहली चीज तो यह है कि आपके चरित्र में शक्ति की अभिव्यक्ति होना चाहिए परंतु इसका अर्थ यह भी नहीं कि शांत लोग भेरु होते हैं अस्वस्थ जो सभी मूर्तियों को सहन कर लेते हैं नहीं परंतु वह शांतिपूर्वक विरोध करने वाले लोग होते हैं आपको किसी चीज से भय नहीं है किसी चीज के आगे आपने झुकना नहीं है किसी चीज से समझौता नहीं करना है परंतु आप में ऐसे स्वभाव का विकसित होना अत्यंत आवश्यक है दूसरी चीज यह है कि आपकी इस शक्ति से आपके प्रेम की अभिव्यक्ति होना चाहिए प्रेम व स्नेह पूर्वक व्यवहार करना चाहिए आप जो चाहे करें चाहे भूखे रहें परंतु अन्य लोगों से करुणा एवं स्नेह पूर्वक व्यवहार करें ताकि अन्य लोगों पर प्रभाव पड़े और वह सोचे कि यह व्यक्ति अकखड़ नहीं

# प्रचार के अपने तरीके

## सुर-संगीत से मतदाताओं को रिझाने के जतन; प्रत्याशियों ने मुंबई में रिकॉर्ड करवाया म्यूजिक, 1-1 गाने के 10 से 25 हजार तक चुकाए

जैसे-जैसे चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, सियासी रंग चढ़ने लगा है। मतदाताओं को रिझाने के लिए प्रत्याशी नए-नए जतन कर रहे हैं। इंदौर में कई नेताओं ने प्रचार के लिए खुद का गुणगान करने वाले गाने बनवाए हैं। इन गानों को जनसंपर्क और सोशल मीडिया में जमकर प्रसारित किया जा रहा है। राऊ से कांग्रेस प्रत्याशी जीतू पटवारी इस मामले में सबसे आगे हैं। उन्होंने एक नहीं बल्कि चार-चार गाने रिकॉर्ड करवाए हैं।

### गाने के साथ वीडियो एड करवाने के 5 से 10 हजार रुपए अलग

एक गाना बनवाने का खर्च ?10 से ?25 हजार तक आया है। इन्हें मुंबई में रिकॉर्ड करवाया गया है। गाने में अगर वीडियो डालना हो तो खर्च ?5 से ?10 हजार और बढ़ जाएगा। अगर किसी नेता को पुराने गाने की धुन पर ही अपने लिए गाना बनवाना हो तो उसके लिए लागत थोड़ी कम आती है।

### टीम तय कर रही बोल, इमोशनल से लेकर एनर्जेटिक तक के सॉन्ग

गाने के बोल कई बार नेताओं की टीम की तरफ से ही दिए जाते हैं, जिनमें नेता द्वारा किए गए कामों का जिक्र होता है। नेताओं की मार्केटिंग टीम म्यूजिक बनाने वालों को यह भी बताती है कि उन्हें किस प्रकार का गाना चाहिए। जैसे इमोशनल या एनर्जेटिक। राजनीतिक पार्टी के हिसाब से गीत लिखे और बनाए जाते हैं। पार्टी और उम्मीदवार के एजेंडे के मुताबिक उनके गीत के बोल होते हैं इसमें राइटर, सिंगर और म्यूजिक डायरेक्टर तीनों शामिल होते हैं। सभी नेताओं के गाने में एक बात कॉमन है कि हर मुखड़े में नेता का नाम जरूर है। गानों को लगातार सोशल मीडिया पर वायरल किया जाता है और डीजे की गाड़ी के माध्यम से गली मोहल्ले में बजवाया जाता है। इससे लोगों को पता भी नहीं चलता है और गाना उनकी जुबान पर चढ़ जाता है।

### फिलहाल 5 नेताओं ने बनवाए गाने

इंदौर में कांग्रेस के जीतू पटवारी, संजय शुक्ला, पिंटू जोशी के अलावा भाजपा से तुलसीराम सिलावट और रमेश मेंदोला ने प्रचार के लिए गानों का भी सहारा लिया है।

# इंदौर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह-ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में बागियों से वन टू वन चर्चा, संभागीय कार्यकर्ताओं की बैठक निरस्त



**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार सुबह उज्जैन से इंदौर पहुंचे। उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और प्रदेश प्रभारी हितानंद शर्मा भी हैं। यहां वे बागियों के साथ वन टू वन चर्चा कर रहे हैं। शाह बागियों की परेशानी और उनके समाधान पर भी चर्चा कर रहे हैं। इस बीच इंदौर की संभागीय भाजपा की बैठक निरस्त कर दी गई है। भाजपा के संभागीय प्रवक्ता आलोक दुबे ने बताया कि ये बैठक कब होगी अभी तय नहीं है। शाह इंदौर से ग्वालियर के लिए रवाना होंगे।**

दरअसल, शाह की व्यस्तताओं और नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन होने के चलते बैठक बाद में लिए जाने की चर्चा है। इस बैठक में इंदौर संभाग के सभी 9 संगठनात्मक जिलों के कार्यकर्ता, 37 सीटों के विधानसभा प्रभारी और वहां भेजे गए प्रवासी विधायकों को सुबह 11.30 बजे बुलाया था।

चुनावी माहौल और नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने पर जोर देने के लिए यह बैठक आयोजित की जाना थी। बता दें, शाह मप्र के सभी संभागों की बैठकें ले रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने रविवार को उज्जैन संभाग की बैठक भी ली है। इंदौर के बाद अमित शाह आज ही दोपहर 2.30 बजे ग्वालियर भी जाएंगे।

शाह का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को उत्साहित करना है, ताकि वे पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतर जाएं। वे तीन दिन में विंध्य, बुंदेलखंड, महाकौशल, मध्य भारत, मालवा- निमाड़ और ग्वालियर-चंबल अंचल में संभागवार बैठकें करेंगे।

महाकाल मंदिर में दर्शन के बाद शाह ने इंदौर रोड स्थित एक होटल में संभाग की 29 सीटों के 350 कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बागी प्रत्याशियों की जानकारी ली। साथ ही, रूठे कार्यकर्ताओं को मनाने और डैमेज कंट्रोल, फीड बैक संबंधी चर्चा की। शाह ने बीजेपी के वरिष्ठ नेता रूप पमनानी के घर भोजन भी किया।

### शाह बोले, बूथ जीतेंगे, चुनाव जीतेंगे

तीन दिन के मध्यप्रदेश दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दूसरे दिन रविवार को खजुराहो में सागर की संभागीय बैठक ली। शाह ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को %बूथ जीतेंगे, चुनाव जीतेंगे स्लोगन दिया। उन्होंने संभाग की विधानसभा सीटों की समीक्षा भी की।

### 6 पॉइंट में शाह के भाषण की खास बातें

**मप्र को बीमारू राज्य बनाकर छोड़ा था**-कांग्रेस ने मप्र को बंटाढार और बीमारू राज्य बनाकर छोड़ा था। 2002 में कांग्रेस सरकार में मप्र का बजट 23 हजार करोड़ था। अब यह बढ़कर 3 लाख 15 हजार करोड़ हो गया है। प्रति व्यक्ति आय 11 हजार रुपए से बढ़कर एक लाख 40 हजार हो गई। सड़कें 60 हजार किमी से बढ़कर 5 लाख 60 हजार किमी हो गई हैं। भाजपा ने 18 साल में प्रदेश के कोने-कोने में विकास किया है।

**कमलनाथ शर्म करो, अपने गिरेबां में झांको** कमलनाथ शर्म करो, अपने गिरेबां में झांको। पहले मप्र में 64 लाख पर्यटक आते थे, लेकिन अब 9 करोड़ पर्यटक आते हैं। मैं कमलनाथ को चुनौती देकर जाता हूं। सोनिया-मनमोहन के 10 और मोदी के 9 साल की तुलना कर लें। सामने आ जाएगा कि किसने प्रदेश का ज्यादा विकास किया।

**मौनी बाबा की नहीं, अब भाजपा की सरकार**- 9 साल में मोदी जी ने देश में परिवर्तन किया है। कमलनाथ और बंटाढार की पार्टी ने 70 साल से कश्मीर से धारा 370 को नहीं हटाया। मोदी जी ने यह काम किया। उस वक्त राहुल बाबा कहते थे, मत हटाइए। कांग्रेस कहती है कि ट्रिपल तलाक मत हटाइए। हमने हटाई। पाकिस्तान में घुसे हुए आतंकवादी भूल गए। मौनी बाबा मनमोहन सिंह की सरकार नहीं है। अब यहां भाजपा की सरकार है।

**5 साल में देश को बनाएंगे तीसरा अर्थतंत्र**- मोदी जी ने भारत के अर्थतंत्र को 11 नंबर से 5वें नंबर पर लाया है। अगले 5 साल में भारत का अर्थतंत्र तीसरे नंबर पर आ जाएगा। मप्र में 9 लाख करोड़ के काम किए जा रहे हैं। मोदी जी ने 9 साल में मप्र के विकास के लिए 31 लाख करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

**महाकाल लोक बनवाया,** भारत चांद पर पहुंचा- भाजपा की सरकार ने महाकाल लोक बनाया। कांग्रेस के लोग महाकाल लोक का विरोध करते हैं। ऐसे लोगों को मप्र में शासन का अधिकार देना चाहिए क्या? मोदी जी के शासन में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बना। भारत चंद्रमा पर भी पहुंचा।

**भाजपा ने PFI पर बैन लगाया**- भाजपा सरकार ने देश को सुरक्षित बनाने का काम किया है। पीएफआई जैसे संगठन पर बैन लगाया। मालवा सिमी का गढ़ रहा है। कांग्रेस ने इसका भी विरोध किया। राम मंदिर का भी विरोध करेंगे। नर्मदा का जयकारा लगाना भी उन्हें पसंद नहीं है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )